आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 26.06.2025

मुख्य समाचारः—

1— मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का अंतिम संस्कार अब राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा—उनके परिजनों को पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

2— छत्तीसगढ़ी भाषा के जाने—माने हास्य कवि पद्मश्री डॉक्टर सुरेन्द दुबे का हृदयाघात से निधन—मुख्यमंत्री ने श्री दुबे के निधन को साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

3— नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला माओवादी मारी गईं।

4— मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आज प्रदेश में भी आयोजित किए गए अनेक जागरूकता कार्यक्रम।

मुख्यमंत्री—आपातकाल स्मृमि दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास पर आज आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का अंतिम संस्कार अब राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। साथ ही उनके परिजनों को पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

सुरेन्द्र दुबे—निधन

साहित्यकार और छत्तीसगढ़ी भाषा के जाने—माने हास्य कवि पद्मश्री डॉक्टर सुरेन्द दुबे का आज हृदयाघात से निधन हो गया। वे बहत्तर वर्ष के थे। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने होने पर उन्हें रायपुर स्थित एडवांस कार्डिएक इंस्टीट्यूट—एसीआई में भर्ती कराया गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर दुबे का निधन साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री साय ने कहा कि अपने विलक्षण हास्य, तीक्ष्ण व्यंग्य और अनूठी रचनात्मकता से उन्होंने न केवल देश—विदेश के मंचों को गौरवान्वित किया, बल्कि छत्तीसगढ़ी भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई।

वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि सुरेन्द्र दुबे ने अपनी हास्य कविताओं से छत्तीसगढ़ का नाम देश ही नहीं, विदेश में भी रौशन किया।

वहीं, प्रसिद्ध रंगकर्मी और फिल्मकार संतोष जैन ने कहा कि सुरेन्द्र दुबे ने साहित्य और कविता के साथ—साथ रंगकर्म के दुनिया में भी अपनी पहचान बनाई थी।

डॉक्टर सुरेंद्र दुबे का जन्म आठ जनवरी उन्नीस सौ तिरपन को तत्कालीन दुर्ग जिले के बेमेतरा में हुआ था। उन्होंने पांच किताबें लिखी हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा वर्ष दो हजार दस में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था। डॉक्टर दुबे को वर्ष दो हजार बारह में पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान, अट्टहास सम्मान और संयुक्त राज्य अमेरिका में लीडिंग पोएट ऑफ इंडिया सम्मान से भी विभूषित किया गया। डॉक्टर दुबे ने देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी कविताओं से सबका दिल जीता है। उन्हें अमेरिका के वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय हिन्दी एसोसिएशन द्वारा हास्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया था। पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र की रचनाओं पर देश के तीन विश्वविद्यालयों ने पीएचडी की उपाधि भी प्रदान की है।

माओवादी मुठभेड़/गिरफ्तार

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ थाना क्षेत्र के कोहकामेटा में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला माओवादी मारी गई हैं। दोनों माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए माओवादियों की पहचान कुतुल एरिया कमेटी की सदस्य सीमा और लिंगे उर्फ़ रांझू के रूप में हुई है। इन दोनों माओवादियों पर कुल छह लाख रूपये का इनाम घोषित था।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि कोहकामेटा इलाके में माओवादियों के माड़ डिवीजन के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान बीती रात माओवादियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई। आज सुबह जवानों द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन में दो महिला माओवादियों के शव बरामद किए गए। घटनास्थल से एक इंसास राइफल, तीन सौ पंद्रह बोर की बंदूक सहित अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

नारायणपुर जिले के ही ओरछा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो महिला सहित चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी माओवादियों पर ग्राम आदेर–बड़े टोंडेबेड़ा के जंगल में हुई मुठभेड़ की घटना में शामिल रहने का आरोप है। ये सभी माओवादी प्रतिबंधित संगठन सीपीआई–एम समर्थित थे। इन माओवादियों के पास से बारह बोर की दो बंदूक, तीन सौ पंद्रह बोर की रायफल, जिंदा कारतूस और डेटोनटर बरामद किए गए हैं।

एक्सिओम–डॉक्ड

भारत ने आज उस समय इतिहास रचा, जब स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्षयान दोपहर चार बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. से डॉक किया गया। इस यान के चालक दल के चार सदस्यों में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। इसके साथ ही इकतालीस साल बाद अंतरिक्ष में भारत का कोई अंतरिक्ष यात्री पहुंचा है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला वर्ष उन्नीस सौ चौरासी में राकेश शर्मा की उड़ान के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय भी हैं।

नशीली दवाओं–अंतर्राष्ट्रीय दिवस

आज मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार मादक पदार्थ उत्पादक गिरोहों के विरूद्ध कड़ाई से पेश आ रही है और इसके शिकार युवाओं को सामान्य जीवन जीने की राह पर वापस ला रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि मादक पदार्थ युवाओं के लिए सबसे बडी समस्या है।

अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी रैलियां, कार्यशालाएं और संगोष्ठियां सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी ने आज नवा रायपुर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में एनसीबी रायपुर के उप निदेशक रवि जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

वहीं, भिलाई के उतई स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा "से यस टू लाइफ, नो टू ड्रग्स" विषय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सीआईएसएफ के करीब बाईस सौ प्रशिक्षु, जवान और अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर सीआईएसएफ के कमांडेंट एम.एन. चाह ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम एक नशामुक्त समाज बनाएं।

सीबीएसई–बोर्ड परीक्षा

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अगले वर्ष से दसवीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार कराने की घोषणा की है। नई रूपरेखा के अनुसार पहली परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। दूसरी परीक्षा मई में होगी, जो उन विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक होगी, जो अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, समाज विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषय में अपना प्रदर्शन सुधारने की अनुमति होगी। दोनों चरणों के परीक्षा परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित होंगे।

राज्यपाल–खैरागढ़

राज्यपाल रमेन डेका आज से खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। पहले दिन श्री डेका ने अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की जानकारी ली। विशेष रूप से उन्होंने अपने गोद लिए ग्राम सोनपुरी में संचालित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। राज्यपाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि, उद्यानिकी और जल जीवन मिशन जैसी बुनियादी सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सभी शासकीय भवनों जैसे स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन और स्वास्थ्य केंद्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाने का आग्रह किया।

बांग्लादेशी घुसपैठी पहचान–नंबर

बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए पुलिस द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर – एक आठ शून्य शून्य – दो तीन तीन – एक नौ शून्य पांच (1800–233–1905) जारी किया गया है। इस नंबर पर सप्ताह के सभी दिन चौबीस घंटे राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के ऊपर एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं, एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा उत्तर–पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर स्थित है। इसके असर से प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

संक्षिप्त समाचार

– राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय किया गया है। वहीं, इसी जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया को नारायणपुर का एसपी बनाया गया है।

– धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के माओवाद प्रभावित कारेकट्टा गांव में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी के जवानों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

– दुर्ग जिले की अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने योनेक्स यूएस ओपन में महिला एकल ड्रॉ के राउंड ऑफ में चीनी ताइपे की टिंग यू लियांग को सीधे सेटों में हरा दिया है।